www.sgbaonline.com

AU–2023

# B.A. (Part—I) Semester—I Examination
## (Literature of Modern Language)
## HINDI LITERATURE

समय : 3 घंटे] [पूर्णांक : 80

सूचना :— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (अ) सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :— 8

काहे को गोपीनाथ कहावत ?<br>
जो पै मधुकर कहत हमारे गोकुल काहे न आवत ?<br>
सपने की पहिचानि जानि कै हमहिं कलंक लगावत।<br>
जो पै स्याम कूबरी रीझे सो किन नाम धरावत ?<br>
ज्यों गजराज काज के औसर और दसन दिखावत।<br>
कहन सुनन को हम हैं ऊधो सूर अनत बिरमावत।

अथवा

कबीर माला काठ की, कहि समझावै तोहि।<br>
मन न फिरावै आपणों, कहा फिरावै मोहि।।<br>
मूँड मुँडावत दिन गये, अजहूँ न मिलिया राम।<br>
राँम नाम कहु क्या करैं, जे मन के और काँम।।

(ब) तुलसी की भक्तिभावना का परिचय दीजिए। 8

अथवा

'रहीम के दोहे नीति सम्बन्धी साहित्य में एक विशिष्ट स्थान रखते हैं।' सोदाहरण समझाइये।

2. (अ) प्रस्तुत गद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :— 8

स्त्री शक्ति है। वह सृष्टि है, यदि उसे संचालित करने वाला व्यक्ति योग्य है; वह विनाश है, यदि उसे संचालित करने वाला व्यक्ति अयोग्य है। इसलिए जो मनुष्य स्त्री से भय खाता है, वह या तो अयोग्य है, या कायर है। अयोग्य और कायर दोनों ही व्यक्ति अपूर्ण हैं।

अथवा

उन्माद और ज्ञान में जो भेद है, वही वासना और प्रेम में है। उन्माद अस्थायी होता है और ज्ञान स्थायी। कुछ क्षणों के लिए ज्ञान लोप हो सकता है; पर वह मिटता नहीं। जब पागलपन का प्रहार होता है, ज्ञान लोप होता हुआ विदित होता है; पर उन्माद बीत जाने के बाद ही ज्ञान स्पष्ट हो जाता है। यदि ज्ञान अमर नहीं है, तो प्रेम भी अमर नहीं है; पर मेरे मत में ज्ञान अमर है–ईश्वर का एक अंश है और साथ ही प्रेम भी।

(ब) 'कुमारगिरि का व्यक्तित्व संयम और नियम का समन्वय था।' सिद्ध कीजिए। 8

अथवा

चित्रलेखा के व्यक्तित्व पर टिप्पणी लिखिए।



www.sgbaonline.com

www.sgbauonline.com

3. उपन्यास को परिभाषित करते हुए उसके प्रमुख तत्वों पर प्रकाश डालिए। 16

अथवा

एकांकी की परिभाषा देते हुए उसके तत्वों की विवेचना कीजिए।

4. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लगभग 20-25 पंक्तियों में दीजिए : 4×4=16

(1) सूरदास की भक्तिभावना का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(2) मीरा की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

(3) 'विनय पत्रिका' में प्रकट तुलसी के दार्शनिक विचारों को संक्षेप में लिखिए।

(4) कबीर ने ब्राह्मणवाद का खंडन किस प्रकार किया ? समझाइये।

(5) 'बीजगुप्त भोगी है, उसके हृदय में यौवन की उमंग है और आँखों में मादकता की लाली।' प्रस्तुत कथन के आलोक में बीजगुप्त के व्यक्तित्व को रेखांकित कीजिए।

(6) उपन्यास में वर्णित चित्रलेखा और बीजगुप्त के मिलन के अन्तिम प्रसंग की चर्चा कीजिए।

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिये गये निर्देशानुसार लिखिए : 16×1=16

(1) 'काल अचानक मारसी, ज्यूँ तीतर को बाज।' किसकी पंक्ति है ?

(2) 'वह मथुरा काजर की कोठरी जे आवहिं ते कारे।' इस पंक्ति के कवि हैं ?

(i) कबीर (ii) सूरदास (iii) तुलसीदास

(3) 'भक्तिरस का पूर्ण परिपाक जैसा विनयपत्रिका' में हुआ है, वैसा अन्यत्र कहीं नहीं।' किसका कथन है ?

(4) सूरदास ने ____ भाषा को साहित्यिक रूप दिया।

(i) ब्रज (ii) अवधि (iii) मैथिली

(5) 'बारे उजियारो करै, बढ़े अँधेरो होय।' किस कवि की पंक्ति है ?

(6) मीरा किसकी भक्त थीं ?

(7) तुलसीदास भक्तिकाल के रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि हैं। (कथन सत्य/असत्य)

(8) उपन्यास साहित्य की स्वतंत्र विधा है। (कथन सत्य/असत्य)

(9) किसी एक महाकाव्य का नाम लिखो।

(10) महाकाव्य के उत्कृष्ट नायक को किस प्रकार का नायक कहा जाता है ?

(11) 'चित्रलेखा' का प्रकाशन वर्ष है ____।

(i) 1934 (ii) 1933 (iii) 1936

(12) 'मैं केवल समुदाय के सामने आती हूँ, व्यक्ति का मेरे जीवन से कोई सम्बन्ध नहीं।' किसका कथन है ?

(13) बीजगुप्त चित्रलेखा को अन्त में किस रूप में स्वीकार करता है।

(14) यशोधरा का विवाह किससे होता है ?

(15) आर्य बीजगुप्त यशोधरा को भेंट रूप में क्या देता है ?

(16) श्वेतांक के पिता का नाम क्या है ?



www.sgbauonline.com